# यातायात नियमों सम्बन्धी जानकारी


## आपकी सुरक्षा हमारा ध्येय




जनसंख्या के साथ-साथ आवागमन के साधनों में बेतहाशा वृद्धि होना सामान्य सी बात है। यातायात की पूर्ण जानकारी के अभाव में हर वर्ष अनेकों दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें लाखों व्यक्ति अकाल मौत के ग्रास बनते हैं और छोड़ जाते हैं अपने पीछे रोते-बिलखते परिवार। समाज को इस स्थिति से उबारना हमारा नैतिक दायित्व है और इस हेतु नागरिकों को यातायात सम्बन्धी नियमों से अवगत कराना हमारा परम कर्तव्य है। इन नियमों का पालन प्रत्येक अनुशासित नागरिक को करना चाहिए। याद रखें! इन्हें न मानकर हम अपने-आपको व दूसरों को हानि पहुँचाते हैं।

**दुर्घटनाएं सदैव असावधानी से होती हैं। सावधानी से एक भी दुर्घटना नहीं होने पाती। अत: सड़क पर पैदल या कोई वाहन चलाते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें:**

## चौपहिया वाहन चालकों के लिए:




1. गाड़ी हमेशा सड़क के बायीं तरफ चलाईये व गाड़ी रोकते समय बायें फुटपाथ के सहारे खड़ी करिये।
2. गाड़ी को नियत रफ्तार यानि 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ज्यादा तेज मत चलाइये व मोड़ अथवा तिराहे/चौराहे पर गाड़ी की गति धीमी कर लीजिये तथा गाड़ी मोड़ने से पूर्व उचित संकेत दीजिये।
3. दाहिनी तरफ चलने वाली गाड़ियों को आगे निकलने का रास्ता दीजिये।
4. यदि आपको आगे निकलना है तो आगे जाने वाली गाड़ियों के दाहिने तरफ से आगे बढ़िये, लेकिन इस बात का ध्यान रखिये कि आगे रास्ता साफ है या नहीं अथवा दूसरे राहगीरों व सामने से आने वाली गाड़ियों को कोई रूकावट तो नहीं होगी।
5. रात के समय गाड़ी की रोशनी को इस तरह रखिये कि सामने आने वालों की आंखें चकाचौंध न हों। डिपर का प्रयोग करें।
6. पीछे गाड़ी घुमाते समय गाड़ी के पीछे चलने वाली गाड़ियों व व्यक्तियों का ध्यान रखें।
7. स्टेयरिंग के दाहिनी तरफ अथवा अपने पास किसी को इस तरह मत बिठाइये कि गाड़ी चलाने में असुविधा हो।
8. गाड़ी चलाते समय नजर सामने रखिये व गाड़ी इस तरह चलाइये कि वह आपके काबू से बाहर न हो।
9. बिना वजह होर्न का इस्तेमाल नहीं करें व बहुत तेज आवाज वाले हॉर्न गाड़ी में नही लगवाएं।
10. नशे में कभी भी गाड़ी नहीं चलाएं।
11. चढ़ाई या उतार पर गाड़ी सम्भाल कर चलाइये व सामने वाली गाड़ी से आगे निकलते समय अच्छी तरह देख लीजिये कि रास्ता साफ है या नहीं।
12. चौराहों व सड़क पर स्थित यातायात संकेतों पर विशेष ध्यान दें व उनकी पालना करें।
13. बिना लाइसेंस वाहन न चलायें।
14. यातायात पुलिस के निर्देशों की पालना करने से दुर्घटना से बचा जा सकता है। अत: उसकी उपेक्षा न करें।
15. सड़कों पर चिन्हित प्रतीकों, यातायात संकेतों को अपनाने की आदत डालें। यह न सोचें कि आपको पुलिसवाला नहीं देख रहा है।
16. गन्तव्य तक पहुँचने में जल्दबाजी से बचने के लिए समय से पूर्व ही प्रस्थान करने की आदत डालें।
17. सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करते समय निर्धारित स्थान से पंक्ति बनाकर चढ़ें व उतरें - इससे सबको सुविधा रहती है। निर्धारित स्थान के अतिरिक्त मार्ग में वाहन कभी न रूकवायें व न ही रोकें।
18. सार्वजनिक वाहनों में ज्वलनशील सामग्री न ले जावें। धूम्रपान न करें व खाने-पीने की चीजों का प्रयोग न करें।
19. चलते वाहन से अपने शरीर का कोई भी अंग बाहर नहीं निकालें।
20. चौराहे/तिराहे पर लाल बत्ती होने पर जेब्रा लाईन से पहले गाड़ी रोकें।
21. गाड़ी में संगीत धीरे चलाएं।



## दो पहिया वाहन चालकों के लिए:



1. हैलमेट आपका जीवन-रक्षक है, अत: दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव उसका उपयोग करें। जहां तक संभव हो, दो पाहिया वाहन पर सवारी को भी हैलमेट पहनायें।
2. आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि शहरों में सर्वाधिक दुर्घटनाएँ दो पहिया वाहन वालों की होती हैं। अत: दो पहिया वाहन चालकों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए।
3. साईकिल चालकों को सड़क के बायें किनारे पर ही चलना चाहिये और स्वचालित दो पहिया वाहनों को उनके दाहिनी बगल में चलना चाहिए।
4. वाहन घुमाते समय वाहन के दिशा संकेतों का प्रयोग करें। यदि वाहन में दिशा संकेत न हों तो पीछे देखकर जिस दिशा में जाना हो, उस दिशा की ओर हाथ से संकेत दिया जाना उचित है।
5. वाहन में ब्रेक व ब्रेक लाइट का होना आवश्यक है।
6. मोड़, चौराहों, बस स्टेन्ड्स, अस्पताल, स्कूल व छविगृह के सामने गति धीमी करना अच्छे चालक की पहचान है।
7. वर्षा के समय तथा उबड़-खाबड़ सड़कों पर वाहन की गति धीमी रखें क्योंकि संतुलन बिगड़ने की संभावना रहती है।
8. रात्रि में वाहन चलाते समय डिपर का प्रयोग करें।




## पैदल चालकों के लिए:

1. फुटपाथ पर ही चलें। जहाँ फुटपाथ न हों, वहां हमेशा आने वाले यातायात की दिशा में चलें।
2. सड़क पार करते समय, पहले आधी सड़क दाई और देखते हुए शेष आधी सड़क बायीं ओर देखते हुए चलें।
3. चौराहे/तिराहे पर जेब्रा क्रॉसिंग से हरी बत्ती होने पर ही सड़क पार करें। यदि भूमिगत मार्ग बनें हो तो उनका प्रयोग करें।
   दौड़कर रास्ता पार न करें।
4. यातायात में फंसने पर घबराये नहीं, अपने स्थान पर ही खड़े रहें।
5. सड़क पर खड़े होकर किसी से वार्ता नहीं करें। सदैव फुटपाथ पर या सड़क के एक तरफ ही खड़े होकर वार्ता करें।
6. बरसात के दिनों में या रात के समय सफेद या हल्के रंग के कपड़े पहनें।

## विशेष:

1. **अपनी कार की चाबी कार में ना छोड़ें।**
2. **यदि थोड़ी देर के लिए भी कभी कार पार्क करें तो कार के दरवाजों को बंद करने से पहले शीशा चढ़ा दें और कार के दरवाजों पर ताला लगा दें।**
3. **बहुमूल्य सामान कार में इस तरह रखें कि वह बाहर से दिखाई न दे।**
4. **रात में अगर आप आपनी कार गैरेज में नहीं रखते हों तो ऐसी जगह खड़ी करें जहां रोशनी काफी हो।**



CUTS International

**कन्ज्यूमर यूनिटी एण्ड ट्रस्ट सोसायटी**
डी-217, भास्कर मार्ग, बनीपार्क, जयपुर-302016
फोन: 0141-228 2821, फैक्स: 0141-228 2485
ई-मेल: cuts@cuts.org, cart@cuts.org
वेबसाईट: www.cuts-international.org